हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शनिवार, 04 नवंबर 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 09, MIDDLE TOP

शानदार प्रदर्शन के साथ में रिवेरा का समापन

बरेली | प्रमुख संवाददाता

आयोजन

- एसआरएमएस में आयोजित किया गया सालाना उत्सव रिवेरा
- खिलाड़ियों ने कई प्रतियोगिताओं में दिखाया अपना दमखम

एसआरएमएस कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में वार्षिकोत्सव रिवेरा में एसआरएमएस के खिलाड़ियों और छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। रिवेरा के दूसरे दिन भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रमों की शुरुआत छात्राओं की खो-खो के फाइनल के साथ हुई। इसके अतिरिक्त मल्टी सीन, चारकोलेट, सिचुएशन सांग, ग्राफ्टी सहित कई तरह के इवेंट पूरे दिन चले। आमोद में टीटी, खो-खो, फुटबाल, शतरंज, कैरम, बास्केटबाल आदि खेल का भी आयोजन किया गया।

इस सालाना उत्सव का समापन समारोह शाम को हुआ। इसमें 1500 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता चेयरमैन देवमूर्ति ने की। इस दौरान ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति जी ने विजेता, उपविजेता प्रतिभागियों व टीमों को पुरस्कार एवं पदक देकर उत्साहवर्धन किया। खो-खो बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी ने प्रथम स्थान पाया। बैडमिन्टन बालक वर्ग में एमआईटी मुरादाबाद ने प्रथम स्थान हासिल किया। बैडमिंटन बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी ने प्रथम तथा एमआईटी मुरादाबाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में एसआरएमएस की मनीषा पाण्डेय, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आईपीसी गाजियाबाद के अमित, बालिका वर्ग मनीषा विजयी रहीं। ऊंची कूद बालिका वर्ग में एसआरएमएस की मनीषा पाण्डे, ऊंची कूद बालक में आईपीईसी के विशाल झा प्रथम, 400 मीटर बालिका में एसआरएमएस सीईटी की कीर्ति मोहन तथा 400 मीटर बालिका वर्ग में एमआईटी मुरादाबाद के मोहम्मद फैजान प्रथम रहे। आशा मूर्ति, रिचा मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. ललित सिंह आदि मौजूद थे।

एसआरएमएस में रिवेरा के समापन पर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।